# उज्जैन से अमरवाड़ा आए बाबा मन महेश्वर की निकली भव्य शाही सवारी



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/अमरवाड़ा, 17 अगस्त, सावन के तीसरे सोमवार के अवसर पर महाकाल सेवा समिति द्वारा बाबा मन महेश्वर की भव्य शाही सवारी निकाली गई। बाबा मन महेश्वर भक्तों को दर्शन देने और उनका हाल-चाल जानने नगर भ्रमण पर निकले। शाही सवारी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं विभिन्न संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।**

कार्यक्रम के सूत्रधार शरद सोनी ने बताया कि अमरवाड़ा नगर की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना के लिए उज्जैन से बाबा मन महेश्वर की प्रतिमा लाई गई है। सावन के तीसरे सोमवार को महाकाल मंदिर से विशाल शाही सवारी निकाली गई, जिसमें बैंड-बाजा, डीजे, आतिशबाजी और आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। नगर के बस स्टैंड पर तीन जेसीबी के माध्यम से पुष्पवर्षा कर युवाओं ने शाही सवारी का जोरदार स्वागत किया। शोभायात्रा में हाथी भी शामिल रहा, जो आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना। किन्नर टोली सहित विभिन्न टोलियों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से माहौल भक्तिमय बना दिया। शाही सवारी बस स्टैंड, चौरई रोड, आजाद वार्ड होते हुए मुख्य मार्ग से महाकाल मंदिर पहुंची, जहां विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शोभायात्रा में नगर के जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए और बाबा मन महेश्वर की पूजा-अर्चना कर नगर की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की।

### अटल नगरीय निकाय कर्मचारी संघ ने लगाया विशाल भंडारा

अमरवाड़ा बस स्टैंड पर अटल नगरीय निकाय कर्मचारी संघ द्वारा साबूदाने की खिचड़ी का विशाल भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों को प्रसाद वितरित किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने शाही सवारी का जोरदार स्वागत भी किया। वहीं फव्वारा चौक पर मोबाइल एसोसिएशन द्वारा भी शाही सवारी का भव्य स्वागत किया गया। पूरे नगर में दिनभर भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने बाबा मन महेश्वर के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# पटवारी राहुल सूर्यवंशी की तत्परता से बची 21 वर्षीय युवक की जान

## खेत में काम करते समय जहरीले सांप ने काटा



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 17 अगस्त, राजस्व और स्वास्थ्य विभाग के बेहतरीन समन्वय और त्वरित कार्यवाही के चलते एक 21 वर्षीय युवक की जान बाल-बाल बच गई। घटना ग्राम भीमकुण्ड तहसील जुन्नारदेव की है, जहां रविवार 16 अगस्त की दोपहर खेत में काम कर रहे एक युवक को जहरीले सांप ने अपना शिकार बना लिया था। सही समय पर उपचार मिलने से युवक अब पूरी तरह स्वस्थ है और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम भीमकुण्ड निवासी बाबू उम्र 21 वर्ष पिता गुलाब उइके रविवार शाम करीब 4 से 4.30 बजे के बीच अपने परिवार के साथ खेत में धान की बोनी का काम कर रहा था। इसी दौरान उसे एक सांप ने काट लिया। मरीज के पिता गुलाब ने बताया कि सांप चितकबरे रंग का था और उसकी लंबाई करीब 3 फुट तथा मोटाई डेढ़ इंच के लगभग थी, जो काटने के बाद अचानक मिट्टी के अंदर चला गया।

घटना के तुरंत बाद परिजनों ने गांव के कोटवार को इसकी जानकारी दी। कोटवार ने बिना देर किए क्षेत्र के पटवारी राहुल सूर्यवंशी को सूचित किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार जुन्नारदेव के निर्देशन और नायब तहसीलदार के मार्गदर्शन में पटवारी राहुल सूर्यवंशी ने तत्परता दिखाई। उन्होंने तुरंत 108 एवं 112 में कॉल किया, चूंकि मरीज की जान बचाने के लिए एक-एक पल कीमती था, इसलिए समय बचाने के उद्देश्य से युवक को आधे रास्ते तक मोटरसाइकिल की मदद से लाया गया। इसके बाद रास्ते में मिली एम्बुलेंस की सहायता से उसे निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दमुआ पहुंचाया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की टीम ने भी मुस्तैदी दिखाते हुए शाम करीब 6 बजे मरीज को तुरंत एंटीवेनम इंजेक्शन दिया। सही समय पर इलाज मिल जाने के कारण मरीज के शरीर में जहर नहीं फैल पाया और उसकी स्थिति खतरे से बाहर हो गई।

चिकित्सकों की निगरानी में रहने के बाद बाबू की स्थिति पूरी तरह से सामान्य हो गई, जिसके पश्चात आज 17 अगस्त 2026 को सुबह 10 बजे उसे अस्पताल से सकुशल डिस्चार्ज कर दिया गया है। राजस्व विभाग के अधिकारियों, पटवारी की सूझबूझ और स्वास्थ्य विभाग के इस सकारात्मक व त्वरित कदम की पूरे क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है।

# प्रकृति का श्रृंगार पेड़ पौधे से ही संभव है सामुदायिक सहभागिता से हरियाली यात्रा का आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 17 अगस्त, विगत दिवस मध्यप्रदेष जन अभियान परिषद विकासखंड अंतर्गत जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन, विकासखंड समन्वयक संजय कुमार बामने की उपस्थिति में एवं दृष्टि सामाजिक विकास एवं कल्याण संस्था कन्हान वनग्राम अध्यक्ष बुनेश राजबैठे के नेतृत्व में खुमकाल सेक्टर 01 अंतर्गत ग्राम पंचायत मड़काढ़ाना के ग्राम कन्हान वनग्राम में सैकड़ों नवांकुर सखियों के सहयोग से हरियाली यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

यह अभियान अंतर्गत सभी महिलाओं को प्रतीकात्मक रूप से ग्यारह ग्यारह पौधे देकर उन्हें प्रेरित किया गया है कि किसी भी प्रकार के अवसरों पर यह पौधे आप रोपे एवं बच्चे की तरह पालन पोषण करने का संकल्प दिलाया गया है।कार्यक्रम में सर्वप्रथम सरस्वती पूजन पश्चात मुख्यातिथियों का स्वागत अभिनन्दन किया गया। तदउपरांत हरियाली यात्रा तथा प्रकृति नारा के साथ रैली ग्राम भ्रमण किया गया।उद्बोधन में विकासखंड समन्वयक संजय कुमार बामने ने कहा कि म.प्र. जन अभियान परिषद कि महत्वपूर्ण इकाई है नवांकुर सखी, इसमें पर्यावरण संरक्षण कि दृष्टि से महिलाओं को पौधे लगाने के लिए प्रेरित करते हैं। नवांकुर सखी इस पौधे को अपने बच्चों जैसी देखभाल करें इस प्रकार अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।वनरक्षक अनिल राठौर ने बताया कि छोटे-छोटे पौधे रोपण करके हम बड़ा जंगल का निर्माण कर सकते हैं। प्रधान पाठक टेकचंद रघुवंशी ने कहा शिक्षा को बढ़ावा देना होगा तभी हम पर्यावरण का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम संचालन नवांकुर संस्था अध्यक्ष बुनेश राजबैठे ने किया आभार प्रदर्शन श्री चौतलाल उईके ने किया। इस अवसर पर पेसा एक्ट अध्यक्ष जगदीश सरयाम, कोषाध्यक्ष धन्नू नागवंशी, राकेश यादव, वनाधिकार समिति अध्यक्ष बलवंत राजबैठे, सुनील यदुवंशी, कमलू उईके, सुनील उईके, लखन शीलू, बबलू कायदा, अभिराम उईके, अनिल आरसे, बबलू उईके, बतेसिया उईके, कलसो दर्शमा, गीता राजबैठे, कलेसिया शीलू, अनिता राजबैठे, ललिता नागवंशी, कमलबती उईके, सरबती आरसे, सुनिता यदुवंशी और चन्द्रवती सरयाम आदि ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# अग्रवाल महिला महासभा ने मनाया हरियाली तीज महोत्सव

**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव।** सावन के पवित्र मास में अग्रवाल महिला महासभा जुन्नारदेव की महिलाओं द्वारा हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन नगर के वार्ड क्रमांक 7-8 मैं स्थित श्री श्री काली मंदिर में किया गया कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल समाज की महिलाओं द्वारा मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया इसके उपरांत सावन के झूले महिलाओं द्वारा झूले गए साथ ही हरियाली तीज के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया साथ ही एक दूसरे को हरियाली तीज की बधाई देते हुए सुहाग की निशानी भी भेंट की गई। कार्यक्रम के दौरान समाज की महिला अध्यक्ष विधा अग्रवाल, उपाध्यक्ष आरती अग्रवाल, महामंत्री प्रीति अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, दुर्गा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष भूमि अग्रवाल, रेनु अग्रवाल, मीडिया प्रभारी संचिता अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, करूणा अग्रवाल, रितिका अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं उपस्थित रही।




### एक नजर में

## किसानों की सिंचाई एवं जलाशय निर्माण की मांग को लेकर प्रेसवार्ता आज

**छपारा।** संपादक एवं पत्रकार बंधुओं,लालमाटी क्षेत्र, गोपालगंज एवं मसान टोंग-उगली क्षेत्र (केवलारी विधानसभा) में किसानों की सिंचाई समस्या के स्थायी समाधान के लिए माइक्रो लिफ्ट सिंचाई परियोजना एवं जलाशय निर्माण की मांग को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की जा रही है। प्रेस वार्ता में क्षेत्र के किसानों की वर्षों पुरानी सिंचाई समस्या, माइक्रो लिफ्ट सिंचाई परियोजना एवं मसान टोंग जलाशय निर्माण की आवश्यकता, इससे किसानों को होने वाले लाभ तथा शासन-प्रशासन से की जा रही मांगों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मीडिया के समक्ष रखी जाएगी। मीडिया एवं सोशल मीडिया के सभी पत्रकार बंधुओं से उपसिथिति की है।

## बाबूलाल डिगरसे का निधन

**छिंदवाड़ा/मोहखेड़।** ग्राम सारंगबिहरी (पठार) निवासी कैलाश एवं नीरज डिगरसे के पिताजी बाबूलाल डिगरसे का 17 अगस्त दिन सोमवार को रात्रि 8 बजे स्वर्गवास हो गया है,जिनकी अंतिम यात्रा दिनांक 18 अगस्त दिन मंगलवार को निज निवास स्थान पठार से दोपहर 12 बजे निकाली जायेगी

# लहराते तिरंगों के साथ नवांकुर सखी ने लिया जल आचमन कर हरियाली यात्रा में प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 17 अगस्त, म प्र जन अभियान परिषद, विकासखंड जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा अन्तर्गत दमुआ सेक्टर के ग्राम बाम्हनवाड़ा में नवांकुर संस्था पंख सामाजिक विकास संस्थान जुन्नारदेव एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बाम्हनवाड़ा के तत्वावधान में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया।**

यह कार्यक्रम म प्र जन अभियान परिषद के तत्वावधान में जिला समन्वयक छिंदवाड़ा अखिलेश कुमार जैन तथा विकासखंड समन्वयक संजय कुमार बामने के नेतृत्व एवं उपस्थिति में नवांकुर संस्था पंख सामाजिक विकास संस्थान जुन्नारदेव उपाध्यक्ष आर्या गुप्ता के सहयोग से ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष दुर्गेश कुमार उईके, रमेश उईके, आरती उईके, गायत्री उईके, दीप्ति उईके, स्वाती उईके, योगेश उईके, अमन भोंडे, अनीता उईके, विजंता उईके, शिखा उईके एवं सुशीला उईके, दशरथ दर्शमा, राजेंद्र उईके, सूरज पन्द्राम, आदर्श उईके, दीपिका पन्द्राम, अंजू सरयाम, रोशनी यदुवंशी सभी सदस्यों द्वारा कार्यक्रम में माताओं-बहनों, छात्र-छात्राओं एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा कराई गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने प्रतीकात्मक रूप से कलशों का पूजन, वृक्षों का पूजन कर प्रकृति पूजन एवं प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया। सभी ने पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य करने तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर सभी साथियों ने मिलकर संजय कुमार बामने के नेतृत्व एवं सहयोग से शिवलिंग स्थापना करने का निश्चय करते हुए भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम के हनुमान मंदिर से दुर्गा मंदिर तक तक हरियाली कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के माध्यम से ग्रामीणों में हरियाली, पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति आत्मीय भाव जागृत करने का संदेश दिया गया। महिलाओं की सहभागिता ने यात्रा को विशेष गरिमा प्रदान की। हरियाली और वृक्षों के सामाजिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर संवाद हरियाली यात्रा के पूर्व विकासखंड समन्वयक समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद संजय कुमार बामने ने उपस्थित जनसमुदाय से हरियाली एवं वृक्षों के सामाजिक, आध्यात्मिक, पौराणिक और पर्यावरणीय महत्व पर सार्थक संवाद किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्ष केवल प्रकृति का हिस्सा नहीं, बल्कि जीवन और संस्कृति के अभिन्न अंग माने गए हैं। पीपल, बरगद, नीम, तुलसी सहित अनेक वनस्पतियों को हमारी परंपरा में पूजनीय स्थान प्राप्त है।

उन्होंने कहा कि वृक्ष लगाना केवल पर्यावरण संरक्षण का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन सुरक्षित करने का संकल्प है। वृक्ष हमें प्राणवायु, छाया, फल, औषधि और जल संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समिति द्वारा सभी सखियों को ग्यारह, ग्यारह पौधे वितरित किए गए। इसलिए पौधरोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों की निरंतर देखभाल करना भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी को हरियाली एवं प्रकृति संरक्षण की शुभकामनाएं दीं गई है इस अवसर पर ग्राम पंचायत बामनवाड़ा कार्यक्रम में माताओं-बहनों, छात्र-छात्राओं, ग्रामवासियों एवं गणमान्य नागरिकों की सहभागिता ने यह संदेश दिया कि प्रकृति संरक्षण केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था का दायित्व नहीं, बल्कि पूरे समाज का उत्तरदायित्व है और आप हम सब को मिलकर इसे निरंतरता के साथ करने योग्य जिम्मेदारी है अंत में समिति सचिव स्वाति उईके के द्वारा संकल्प दिलाया गया।

# हिंदू-मुस्लिम एकता से ही हम आजाद भारत में जी रहे हैं : मौलाना अबू हमजा

## महान क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को किया याद

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 17 अगस्त, जश्न-ए-आजादी एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मदरसा मोहम्मदिया जुन्नारदेव में 15 अगस्त को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा शान से फहराया गया। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों ने नगर के विभिन्न वार्डों में प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान देशभक्ति के नारों से नगर का वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया।**

प्रभात फेरी के समापन के बाद आयोजित कार्यक्रम में देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता आंदोलन में विभिन्न वर्गों और समुदायों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के अंत में जिला सिवनी से आए मौलाना अबू हमजा ने ÷देश की आजादी में हिंदू, मुस्लिम, सिख एवं ईसाइयों की कुर्बानियां÷ विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि भारत की राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सौहार्द की ताकत के सामने अंग्रेजी हुकूमत को झुकना पड़ा और अंततः उन्हें भारत छोड़कर जाना पड़ा। मौलाना अबू हमजा ने कहा कि देश की आजादी लाखों वीर शहीदों के संघर्ष, त्याग और बलिदान का परिणाम है। उन्होंने अपने संबोधन में अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर शहीदों के जीवन एवं योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू-मुस्लिम एकता और सभी समुदायों के साझा संघर्ष से ही हम आजाद भारत में सांस ले रहे हैं। उन्होंने युवाओं से स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को अपनाने, देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत करने तथा आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हाजी आरबी कुरैशी, हाजी मोहम्मद शाहिद, रफीक खान ,पत्रकार आबिद खान ,असलम कुरैशी असलम सिद्दीकी, हाफिज फारूक मोहम्मद याकूब, अन्नू भाई, रमीज राजा तथा सभी मदरसा शिक्षक-शिक्षिकाएं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा

पता- आजाद भवन टाउन हॉल खंडवा 450001 दूरभाष-07332223523-commkhandwa@mpurban.gov.in

क्रमांकःक/रा.बा./2026 / 318 खण्डवा, दिनांक 14/08/2026

**ई-निविदा विज्ञप्ति**

निगम स्वामित्व की नीचे वर्णित संपतियों को मध्यप्रदेश अचल अंतर नियत 2010 एवं संशोचित 2021 तथा 2023 के प्रावधानों के अंतर्गत आरक्षित अधिकतम प्रीमीयम मूल्य एवं निर्धारित वार्षिक भू-पाटक (लीज रेट) पर आरक्षण नियमों का पालन करते हुये 30 वर्ष की लीज पर किये जाने हेतु अधिकतम राशि की प्रस्थापना (निविदा आफर) ऑनलाइन टेंडर कम ऑक्शन पद्धति से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

**संपत्ति विवरण**

गौशाला / दादाजी बस स्टैंड के समीप स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की संपूर्ण छत की एकल ईकाइ के रूप में आवंटन

| क्रं. | ई-निविदा क्रमांक | भवन | आरक्षण | छत का क्षेत्रफल | आरक्षित (आफसेट) मूल्य | प्रतिभूति राशि (अमानत राशि) | ई-टेण्डर प्रपत्र राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _529921_1 | गणेश गोशाला / दादाजी बस स्टैंड के समीप स्थित शॉपिंग कॉम्पलेक्स की सम्पूर्ण छत की एकल ईकाई के रूप में आवंटन हेतु | अनारक्षित | 420.05 वर्ग मीटर | 77,30,000/- | 19,4000/- | 10.000/- |

निविदा ऑनलाइन क्रय तथा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 12/09/2026 (शाम 05:30 बजे तक)
निविदा खोलने की दिनांक :- 14/09/2026 (प्रातः 10:30 बजे तक)

1. आरक्षण की स्थिति एवं विस्तृत शर्तें जिसमे अनुबंध की व्यापक शर्तें भी शामिल हैं, का अवलोकन कार्यालयीन समय में नगर पालिक निगम की राजस्व शाखा में किया जा सकता है। 2. न्यूनतम आरक्षित मूल्य से कम राशि की निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा प्राप्त निविदा ऑफर स्वीकृति / अस्वीकृति करने का अधिकार आयुक्त नपानि खण्डवा के पास सुरक्षित रहेगा। 3. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन www.mptenders.gov.inपर ही प्रदर्शित किया जायेगा प्रथक समाचार पत्र मे प्रकाशित नहीं किया जायेगा।
(आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित)

प्रभारी बाजार अधिकारी
नगर पालिक निगम खण्डवा
खण्डवा दिनांक 14/08/2026



## // नाम परिवर्तन सूचना //

मैं ARPIT JAIN घोषणा करता हुँ कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम ARPIT KUMAR JAIN है जिसे मैने बदलकर ARPIT JAIN कर लिया है जो कि मेरे अन्य दस्तावेजों में भी है

अतःआज के बाद मुझे ARPIT JAIN के नाम से जाना पहचाना जाए।

मैं यह सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त जानकारी पूर्णतःसत्य है।

घोषणा कर्ता
ARPIT JAIN
Ward NO.41,GEETA NAGAR
GEDAM WADI KE PASS
Chhindwara mp


### नाग पंचमी — पान दुकानदारों ने श्रद्धा के साथ नाग देवता को दूध अर्पित किया और सुख-समृद्धि की कामना की

# नाग देवता की पूजा, पान दुकानदारों ने निभाई वर्षों पुरानी परंपरा



**छपारा नवभारत।** नगर में नाग पंचमी का पर्व श्रद्धा और परंपरा के साथ मनाया गया। नगर के विभिन्न मंदिरों और नाग देवता के देवस्थलों पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। वहीं, छपारा के पान दुकानदारों ने अपनी वर्षों पुरानी परंपरा निभाते हुए नाग पंचमी के दिन दुकानें बंद रखकर नाग मढ़िया पहुंचकर पूजा-अर्चना की।

श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर मनाए जाने वाले नाग पंचमी पर्व के अवसर पर सोमवार, 17 अगस्त को छपारा नगर में धार्मिक आस्था का माहौल देखने को मिला। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार नाग पंचमी पर भगवान शिव के साथ नाग देवता की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। इसी परंपरा के तहत नगर के विभिन्न शिव मंदिरों और नाग देवता के देवस्थलों पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और दूध अर्पित किया।

वहीं नाग पंचमी के अवसर पर छपारा नगर के पान दुकानदारों ने भी अपनी वर्षों पुरानी परंपरा को कायम रखा। नगर के पान दुकान संचालकों ने अपनी दुकानें बंद रखीं और सीएम राइज सांदीपनी विद्यालय मैदान स्थित नाग मढ़िया पहुंचकर नाग देवता की पूजा-अर्चना की। इस दौरान पान दुकानदारों ने श्रद्धा के साथ नाग देवता को दूध अर्पित किया और सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा में देवेंद्र चौरसिया, मुकेश सुपलभक्त, सुक्कू चौरसिया, पप्पू चौरसिया, दशरथ साहू, कालू चौरसिया, अक्कू नामदेव सहित नगर के अन्य पान दुकान संचालक शामिल रहे।

छपारा में नाग पंचमी के अवसर पर निभाई गई यह परंपरा धार्मिक आस्था के साथ-साथ वर्षों से चली आ रही सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं की झलक भी पेश करती है।


## पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, मंडल कार्यालय, 1227, शालीन हाउस, नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.)
Telephone: 0761- 2404011
Email-cs8243@pnb.bank.in

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 9 (1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं और जमानतदारों/ बंधककर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक / प्रभारित है, का प्रलक्षित /वास्तविक आधिपत्य/सांकेतिक आधिपत्य (इनमें से जो भी लागू लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जो है", "जहाँ है", "जो कुछ भी हैं" के आधार पर निम्नलिखित उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/बंधककर्ताओं से बैंक / प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपये की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अडिग धनराशी निम्नलिखित है:

**ई-नीलामी दिनांक एवं समय -15.09.2026 दोपहर 12:00 बजे से 05:00 बजे तक (आवश्यक होने पर सायंकल 05:00 बजे के बाद 10 मिनिट के अंतराल का विस्तार किया जाएगा)। ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक 15.09.2026 को सायंकाल 12:00 बजे तक**

निविदाकार अपने प्रस्ताव रु. 10000/- (रूपए दस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे

| उधारकर्ता/जमानतदार/ बंधककर्ता के नाम | अचल संपत्ति/प्रत्याभूत आस्ति का विवरण | अ) मांग सूचना दिनांक ब) आधिपत्य दिनांक स) आधिपत्य प्रकार द) बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार) | अ) आरक्षित मूल्य ब) धरोहर राशि स) ईएमडी जमा अंतिम दिनांक द) बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| **श्रीमती आराधना दीक्षित पत्नी श्री सुनील सिंह दीक्षित** (उधारकर्ता एवं गिरवीकर्ता) पता: मकान नंबर 63, वार्ड नंबर 08, ग्राम झिलमिली, तहसील चौरई, जिला-छिंदवाड़ा (म.प्र.)-480001 A/c No. 021110IF00000079 DRT (SA) No. 974/2024 | संपत्ति का समस्त भू भाग कमर्शियल डायवर्टेड अचल संपत्ति एवं उस पर निर्माण स्थित मौजा झिलमिली, बी.नंबर 110, पीएच.नंबर 21, खसरा नंबर 449/1/2/1/2 (क्षेत्रफल 0.405 हेक्टेयर) और खसरा नंबर 449/1/2/2 (क्षेत्रफल 0.096 हेक्टेयर), आरएनएम और तहसील चौरई, जिला। छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश), और जिसकी सीमा इस प्रकार है: उत्तर: छिंदवाड़ा चौरई मुख्य सड़क, दक्षिण: कच्चा रोड, पूर्व: अन्य और स्वयं की भूमि, पश्चिम: ढाबा। स्वामी एवं बंधककर्ता - श्रीमती अराधना दीक्षित पत्नी श्री सुनील सिंह दीक्षित नीलामी संदर्भ संख्या PUNB02111220824 | अ) 12.02.2024 ब) 07.05.2024 स) सांकेतिक द) 98,17,835.14/- +ब्याज एवं अन्य व्यय | अ) ₹ 1,78,96,000/- ब) ₹ 17,89,600/- स) 15.09.2026 द) 10,000/- |

**संपत्तियों पर भार जिनकी जानकारी प्रतिभूत लेनवार को है: जानकारी उपलब्ध नहीं है**

**सरफेसी अधिनियम 2002 व प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 9 (1) के अंतर्गत वैधानिक विजय सूचना**

नियम एवं शर्तें: (1) विकय प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तों के भी है" के आधार पर होगी। (3) ऊपर वर्णित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक के लिए के अधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। (2) संपतियों की बिकी "जो है, "जहाँ है", "जो कुछ जिम्मेदार नहीं होगा। (4) विक्रय अधिकृत ऑन लाइन ई-नीलामी सेवा प्रदाता के द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर दिये गये दिनांक व समय पर किया जाएगा। (5) संपत्ति विक्रय से संबंधित नियम एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट www.pnbindia.in, https://baanknet.com पर विजिट करें।

स्थानः जबलपुर,
दिनांक 18.08.2026

पंजाब नेशनल बैंक
प्राधिकृत अधिकारी